संख्या-168 /2025/2815/26-3-2025-1396097

प्रेषक,

रजनी कान्त पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण/जनजाति विकास विभाग,
उ0प्र लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 16 अक्टूबर, 2025

विषय- वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु पुनःसंशोधित समय-सारिणी निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, समाज कल्याण के पत्र संख्या–2694/स0क0/शिक्षा-अ/8/2025-26 दिनांक 14.10.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 के छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु पुनः संशोधित समय-सारिणी निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या-161/2025/2720/26-3-2025-1396097 दिनांक 06.10.2025 वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 के छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु संशोधित समय-सारिणी निर्गत की गयी थी। छात्रों की छात्रवृत्ति वितरण / प्रक्रिया के अन्तर्गत जनपदीय समिति से डाटा लॉक करने की अंतिम तिथि 13-10-2025 को बढ़ाकर 14-10-2025 किये जाने हेतु शासनादेश संख्या-2806/26-3-2025-1396097 दिनांक 14.10.2025 द्वारा पुनः संशोधित समय-सारिणी निर्गत की गयी है।

3- उपरोक्त शासनादेश संख्या-161/2025/2720/26-3-2025-1396097 दिनांक 06-10-2025 के अन्तर्गत धनराशि वितरण हेतु 16 अक्टूबर, 2025 तिथि निर्धारित की गयी है। मा० मुख्यमंत्री जी के स्तर से लोक भवन सचिवालय में दिनांक 17-10-2025 को छात्रवृत्ति वितरण का समारोह आयोजित किया जाना है। तत्क्रम में निम्नानुसार पुनः संशोधित समय-सारिणी निर्गत की जा रही है:-

क्र0	प्रक्रियात्मक कार्यवाही	वर्तमान समयावधि	संशोधित समयावधि
1	2	3	4
1	**जनपदीय समिति द्वारा शुद्ध डाटा लॉक करना** जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा शुद्ध डाटा के सम्बन्ध में निर्णय लिया जाना एवं पात्र छात्रों की छात्रवृत्ति स्वीकृत करना तथा जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से डाटा लॉक किया जाना ।	11 अक्टूबर, 2025 से 13 अक्टूबर, 2025 तक	11 अक्टूबर, 2025 से 14 अक्टूबर, 2025 तक

2	**मांग सृजन**	14 अक्टूबर, 2025	15 अक्टूबर, 2025
3	**धनराशि वितरण**	16 अक्टूबर, 2025	17 अक्टूबर, 2025

4- अतएव उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त समय-सारिणी का अपने स्तर से प्रचार-प्रसार कराते हुये सुसंगत शासनादेशो/ छात्रवृत्ति नियमावलियों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 के छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

Digitally signed by RAJANI KANT PANDEY
Date: 16-10-2025 13:14:50

भवदीय,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।

पृ0सं0 एवं दिनाक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण/अल्पसंख्यक कल्याण/ वित्त/नियोजन/मा0शिक्षा/उच्च शिक्षा/तकनीकी शिक्षा/व्यवसायिक शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
4- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0लखनऊ।
6- निदेशक, पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0लखनऊ।
7- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8- निदेशक, एन0आई0सी0 राज्य इकाई, योजना भवन, लखनऊ।
9- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
10- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।